APEX HOSPITALS
"हम रिश्तों की उम्र बढ़ाते हैं"

30 YEARS of Excellence in Services

# APEX SAMWAD

Rajasthan's Most Trusted and Largest Super Specialty Hospital Network
Jaipur - Malviya Nagar & Mansarovar | Bikaner | Sawai Madhopur | Jhunjhunu | Sri Ganganagar | Udaipur | Lucknow
वॉल्यूम 25, जून 2026

## एपेक्स परिवार के लिए संदेश

***प्रिय डॉक्टरों, स्टाफ सदस्यों और समर्पित सहयोगियों,***

हर उपलब्धि के पीछे एक समर्पित टीम, साझा विश्वास और बेहतर करने की निरंतर सोच होती है। जून के महीने में हमने कई ऐसे क्षण देखे, जिन्होंने यह साबित किया कि जब उद्देश्य मरीजों की बेहतर देखभाल हो, तो हर चुनौती अवसर में बदल जाती है। 50 सफल किडनी ट्रांसप्लांट केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि आप सभी की मेहनत, विशेषज्ञता और सेवा भावना का प्रतीक है।

यही भावना हमें हर दिन बेहतर बनने और लोगों का विश्वास जीतने की प्रेरणा देती है। आइए, इसी विश्वास और प्रतिबद्धता के साथ आगे भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करते रहें।



धन्यवाद
**डॉ. एस.बी. झंवर**
चेयरमैन, एपेक्स हॉस्पिटल्स

Outreach

## दैनिक भास्कर आरोग्य महोत्सव 2026 में एपेक्स हॉस्पिटल्स ने बढ़ाया स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर ने दैनिक भास्कर आरोग्य महोत्सव 2026 में सक्रिय भागीदारी की। महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी और विशेषज्ञों की सलाह पहुंचाई गई। निःशुल्क वीडियो परामर्श, स्वास्थ्य जांच कूपन तथा 'मिथक बनाम तथ्य' गतिविधि के माध्यम से स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाई गई। डॉक्टरों से सीधे संवाद के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों का समाधान किया गया और समय पर जांच एवं उपचार के महत्व पर चर्चा की गई। साथ ही अस्पताल की विभिन्न विशेषज्ञ सेवाओं, अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और उपचार विकल्पों की जानकारी भी साझा की गई। महोत्सव के दौरान अस्पताल की टीम ने लोगों को संतुलित जीवनशैली अपनाने और समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेने का महत्व भी समझाया। यह पहल समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रही।






Milestone

## 50 सफल किडनी ट्रांसप्लांट की उल्लेखनीय उपलब्धि




एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर ने 50 सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। यह सफलता ट्रांसप्लांट सर्जन, नेफ्रोलॉजिस्ट, एनेस्थीसिया विशेषज्ञों, नर्सिंग टीम और ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर्स की विशेषज्ञता, अनुभव और समर्पण का परिणाम है। ट्रांसप्लांट टीम हर प्रक्रिया में पूरी तैयारी, सावधानी और विशेषज्ञों की निगरानी सुनिश्चित करती है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर इलाज मिल सके। इस उपलब्धि ने एक बार फिर किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में एपेक्स हॉस्पिटल्स की मजबूत पहचान को और सशक्त किया है। किडनी ट्रांसप्लांट केवल एक ऑपरेशन नहीं, बल्कि मरीज और परिवार के लिए नई उम्मीद और नए जीवन की शुरुआत है। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी डॉक्टरों और समर्पित टीम की बदौलत यह सेवा लगातार कई मरीजों को नया जीवन दे रही है। यह उपलब्धि पूरी ट्रांसप्लांट टीम की मेहनत, मरीजों के भरोसे और अंगदान के प्रति बढ़ती जागरूकता का परिणाम है। एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर आगे भी इसी समर्पण के साथ मरीजों को बेहतर उपचार, सुरक्षित सेवाएँ और विशेषज्ञ चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

**8 हॉस्पिटल्स** | **32+ वर्षों का विश्वास** | **250+ अनुभवी डॉक्टर्स** | **1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए**

New Joining

## एपेक्स परिवार में नए सदस्यों का स्वागत



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, में डॉ. एम. एम. व्यास ने कंसल्टेंट – जनरल सर्जरी के रूप में पुनः कार्यभार संभाला। जनरल सर्जरी के क्षेत्र में उनका लंबा अनुभव तथा एपेक्स हॉस्पिटल के साथ 13 वर्षों का जुड़ाव उन्हें संस्थान की एक महत्वपूर्ण ताकत बनाता है।



एपेक्स गोयल सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में श्री हर्षित जैन का यूनिट हेड के रूप में स्वागत किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उनके अनुभव और कार्यशैली से अस्पताल की सेवाओं को और बेहतर बनाने में सहयोग मिलेगा।



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, में श्री भरत सिंह, मैनेजर – फैसिलिटी का स्वागत किया गया। उनके फैसिलिटी प्रबंधन में दक्षता से अस्पताल की सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी।

Tribute

## शौर्य सम्मान समारोह में पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया



एपेक्स हास्पिटल्स, मालवीय नगर ने रॉयल डिफेंस वेटरंस ग्रुप, जयपुर के सहयोग से आयोजित 'शौर्य सम्मान' कार्यक्रम में हेल्थकेयर पार्टनर के रूप में सहभागिता की। इस अवसर पर सेना, नौसेना और वायुसेना के 100 से अधिक पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल गजानन पांडे मुख्य अतिथि रहे। रॉयल डिफेंस वेटरंस ग्रुप, जयपुर के संस्थापक राज कुमार सक्सेना तथा कैप्टन बंसीधर की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। हेल्थकेयर पार्टनर के रूप में एपेक्स हॉस्पिटल्स ने पूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराया।

Recognition

## डॉ. मुदित शर्मा को एसबीटी सेवा रत्न अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया



एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्री गंगानगर के क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ, डॉ. मुदित शर्मा को क्रिटिकल केयर विभाग में उत्कृष्ट योगदान और समर्पित सेवाओं के लिए एसबीटी सेवा रत्न अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रतिष्ठित एसबीटी सेवा रत्न अवॉर्ड समारोह में सांसद श्री कुलदीप इंदौरा एवं श्री राधेश्याम टाक द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली और समर्पण का प्रतीक है।

Training and development

## ऑपरेशनल ट्रेनिंग सीरीज़ के दूसरे सत्र का सफल आयोजन



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर के कॉर्पोरेट ऑफिस में ऑपरेशनल ट्रेनिंग सीरीज़ के दूसरे सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी यूनिट्स के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सत्र के दौरान कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने, सभी यूनिट्स में प्रक्रियाओं को एकरूप करने तथा रोगी सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता बढ़ाने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

Legacy

## प्रकृति संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया

स्व. श्रीमती सरला झंवर की पुण्य स्मृति में एपेक्स हॉस्पिटल्स की सभी यूनिट्स में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर एपेक्स हॉस्पिटल्स जयपुर (मालवीय नगर एवं मानसरोवर), बीकानेर, श्रीगंगानगर, झुंझुनू, सवाई माधोपुर, उदयपुर और लखनऊ की टीमों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित भविष्य और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। प्रत्येक पौधा सेवा, संवेदनशीलता और सतत विकास के मूल्यों का प्रतीक बना। यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि करुणा, सामाजिक सरोकार और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की उस विरासत को आगे बढ़ाने का एक प्रयास भी रहा, जिसने एपेक्स हॉस्पिटल्स की मजबूत नींव रखी।










Care Connect

## स्वास्थ्य सेवाओं की ओर एक सार्थक पहल



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर ने विट्टी ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल के साथ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण टाई-अप किया। इस साझेदारी के तहत विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम उपलब्ध कराने की पहल की गई।

Accountability

## नैतिकता और जवाबदेही का उत्कृष्ट उदाहरण



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनू के लॉन्ड्री विभाग के मो. असलम को संस्थान के एथिकल एवं एकाउंटेबल मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया गया। लॉन्ड्री में प्राप्त सोने की अंगूठी को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ सुरक्षित रखते हुए मरीज के परिजन को लौटाया गया।

Precision

## 6 वर्षीय बच्चे का सफल ईआरसीपी उपचार किया गया



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर में डॉ. श्रेयांश जैन (विशेषज्ञ- पेट, आँत एवं लिवर) के मार्गदर्शन में 6 वर्षीय बच्चे का सफल ईआरसीपी (ERCP) उपचार किया गया। यह जटिल प्रक्रिया विशेषज्ञ टीम द्वारा सफलतापूर्वक पूरी की गई। इस सफल उपचार से अस्पताल की बेहतर गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाओं, सटीक इलाज और गुणवत्तापूर्ण मरीज़ देखभाल की दिशा में प्रतिबद्धता एक बार फिर नजर आई।

Wellness

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एपेक्स हॉस्पिटल्स की सभी यूनिट्स में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान योग सत्र, स्वास्थ्य जांच शिविर तथा जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से नियमित योग, बेहतर स्वास्थ्य और रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।



HR initiative

## एचआर कॉन्क्लेव 2026 का सफल आयोजन



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर के कॉर्पोरेट एचआर विभाग द्वारा एचआर कॉन्क्लेव 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी 8 यूनिट्स के एचआर प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव के दौरान N A B H मानकों एवं अनुपालन, नए श्रम कानूनों, तथा डिजिटल ऑनबोर्डिंग एवं भर्ती प्रक्रिया जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसी अवसर पर एम्प्लोयी रेफ़रल पॉलिसी का भी औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में श्री राजेश लक्सर (सवाई माधोपुर यूनिट) को बैस्ट एचआर प्रैक्टिसेस के सफल क्रियान्वयन के लिए सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

Expertise

## जटिल फाइब्रॉइड सर्जरी का सफलतापूर्वक उपचार




एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल, श्री गंगानगर में डॉ. लक्ष्य मित्तल (विशेषज्ञ – जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी) ने एक महिला मरीज की अत्यंत जटिल फाइब्रॉइड सर्जरी सफलतापूर्वक की। मरीज को गंभीर हृदय संबंधी समस्या के साथ लगभग 3.25 किलोग्राम वजन और 30×25 सेमी आकार का बड़ा फाइब्रॉइड था, जिससे सर्जरी चुनौतीपूर्ण थी। विशेषज्ञ एनेस्थीसिया टीम, नर्सिंग स्टाफ और ऑपरेशन थिएटर टीम के समन्वित प्रयासों से सर्जरी सफल रही। वर्तमान में मरीज स्वस्थ होकर रिकवरी कर रही हैं। यह सफलता अस्पताल की विशेषज्ञता, टीमवर्क और बेहतर रोगी देखभाल का उदाहरण है।

Core Values

## संवेदनशीलता और नैतिकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया गया



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर की SICU टीम को मरीज के परिजनों से मिली सराहना के लिए सम्मानित किया गया। संवेदनशील व्यवहार, नैतिक कार्यशैली और समर्पित रोगी सेवा के माध्यम से संस्थान के एम्पैथी एवं एथिकल मूल्यों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

Awareness

## सीपीआर एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण आयोजित किया गया



एपेक्स हॉस्पिटल्स, उदयपुर की ओर से डॉ. मनीष वैष्णव द्वारा सीपीआर (CPR) एवं फर्स्ट एड किट के सही उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र में प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार और समय पर सही कदम उठाने की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए

Preparedness

## नेटवर्क बाधित होने पर भी सेवाएं सुचारु रखने के लिए सम्मानित



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, के आईटी टीम के सदस्य राहुल को संस्थान के अकाउंटेबिलिटी मूल्य का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया गया। मोबाइल नेटवर्क बाधित होने के दौरान फार्मेसी और ओपीडी बिलिंग क्षेत्र में मरीजों, परिजनों एवं कर्मचारियों को समय पर सहयोग प्रदान कर सेवाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया गया।

Outreach

## कॉर्पोरेट कनेक्ट के तहत स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित किए गए

एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर ने कॉर्पोरेट कनेक्ट पहल के तहत विभिन्न संस्थानों के सहयोग से कई स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए। विपुल मोटर्स एवं विडाल इंश्योरेंस एजेन्सी के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही केजीके लहरिया कमर्शियल स्पेस में बीएलएस (बेसिक लाइफ़ सपोर्ट) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों को कार्डियक अरेस्ट के दौरान जीवनरक्षक प्राथमिक सहायता की जानकारी दी गई। वहीं केजीके रियलटी ग्रूप के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में कर्मचारियों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सेवाएँ प्रदान की गईं।








Association

## स्वास्थ्य चर्चा एवं चिकित्सक मिलन समारोह आयोजित किया गया



एपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर एवं आरएमपी यूनियन, पीलीबंगा ब्लॉक के सहयोग से स्वास्थ्य चर्चा एवं चिकित्सक मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से लगभग 55 चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ. अंकित स्वामी (विशेषज्ञ- इंटरनल मेडिसिन) ने चिकित्सा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की, जबकि डॉ. सचिन चांडक ने जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी के बारे में जानकारी दी। अस्पताल की सुविधाओं एवं सेवाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम ने चिकित्सकों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया गया एवं भविष्य में भी इस तरह के संवाद सत्र आयोजित करने का आश्वासन दिया गया।

Innovation

## रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी पर कार्यशाला आयोजित की गई



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर एवं सन फार्मास्यूटिकल्स के सहयोग से होटल फर्न में रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डॉ. आशीष राणा (वरिष्ठ विशेषज्ञ– हड्डी रोग एवं रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट) ने इस आधुनिक तकनीक के लाभों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से कम रक्तस्राव, छोटा चीरा और तेजी से रिकवरी संभव होती है।

Agility

## एजिलिटी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया गया



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, के डॉ. गुलाम को संस्थान के एजिलिटी मूल्य का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए सम्मानित किया गया। इमरजेंसी विभाग में त्वरित निर्णय, सक्रिय नेतृत्व और कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार के माध्यम से मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध उपचार सुनिश्चित करने में उनके योगदान की सराहना की गई।

Opportunity

## अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव पद के लिए आवेदन आमंत्रित




एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, में अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बी.कॉम. के साथ न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार अपना सी.वी. careers@apexhospitals.com पर भेज सकते हैं। यदि आपके परिचय में इस पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार हों, तो कृपया यह अवसर उनके साथ साझा करें।

## Employee Corner

मेरा सफर एपेक्स हॉस्पिटल्स के साथ वर्ष 2013 में मालवीय नगर यूनिट में ओटी टेक्नीशियन के रूप में शुरू हुआ। वर्ष 2017 में मानसरोवर यूनिट में स्क्रब स्टाफ के रूप में काम करने का अवसर मिला। 2021 में झुंझुनू यूनिट में ओटी इंचार्ज की जिम्मेदारी मिली और 2024 में फिर से मानसरोवर यूनिट में ओटी इंचार्ज के रूप में कार्यभार संभाला। इस दौरान ओटी के साथ-साथ इन्फेक्शन कंट्रोल और नर्सिंग सुपरवाइजर की जिम्मेदारियां भी निभाईं। कई बार एक साथ अलग-अलग जिम्मेदारियां संभालने का मौका मिला, जिससे हर दिन कुछ नया सीखने को मिला। एपेक्स हॉस्पिटल्स की सबसे अच्छी बात यहां की कार्य संस्कृति है। प्रबंधन ने हमेशा मुझ पर भरोसा किया और नई-नई जिम्मेदारियां दीं। मैंने भी हर जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास किया। यही भरोसा और सहयोग मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।



**राजेश सैनी**
ओटी इंचार्ज
एपेक्स हॉस्पिटल्स, मानसरोवर

8 हॉस्पिटल्स | 32+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए